संख्या-4/2015 /568/43-1-2015-14(14)/2015

प्रेषक,

एस0एन0 शुक्ल,
प्रमुख सचिव,
प्रशासनिक सुधार विभाग।

सेवा में,

सचिव,
राज्य सूचना आयोग, उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 31 मार्च, 2015

विषय :- राज्य सूचना आयोग के लिए वाहन क्रय करने हेतु बजट उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-547/रा0सू0आ0/2015, दिनांक 20-3-2015 एवं पत्र संख्या-553/नजा/रा0सू0आ0, दिनांक 27-3-2015 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य सूचना आयोग के वाहन संख्या-यू0पी032 बी0जी0-3508 के प्रतिस्थापन स्वरूप महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लि0 कम्पनी से माडल नं0-बी0ओ0 एसएलई 3डब्लूडी बीएस 4 एसी 2015 का एक वाहन क्रय किये जाने हेतु धनराशि रू0 6,50,000/- (रूपये छः लाख पचास हजार मात्र) व्यय किये जाने की एतदद्वारा महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 सहर्ष वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त वाहन को क्रय किये जाने हेतु उक्त धनराशि की व्यवस्था पुनर्विनियोग आदेश संख्या-आर0ई0 705/यू0ओ0/ई-9-136/दस-2015, दिनांक 31-3-2015 द्वारा की गई है।

3- स्वीकृत नये वाहन का क्रय सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत डी0जी0एस0एंड डी0 दर पर किया जायेगा तथा क्रय किये जाने वाले वाहन की गुणवत्ता तथा डी0जी0एस0एंड डी0 दर की वैधता की अवधि सुनिश्चित कर ली जायेगी।

4- उक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-46 के अन्तर्गत लेखा शीर्ष-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-03-उत्तर प्रदेश सूचना आयोग का गठन-14-मोटर गाडियों का क्रय के नामे डाला जायेगा।

http://shasnadesh.up.nic.in

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-9-139/दस-2015, दिनांक 31 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0एन0 शुक्ल)
प्रमुख सचिव।

संख्या-4/2015 /568(1)/43-1-2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
4- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
5- वित्त एवं लेखाधिकारी, राज्य सूचना आयोग, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
7- अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(भवेश रंजन)
उप सचिव।

http//shasnadesh.up.nic.in